**D 91248** (Pages : 4) Name.....................................

Reg. No..................................

# THIRD SEMESTER P.G. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CCSS)

M.A. Hindi

HIN 3E 05—SPECIAL AUTHOR MOHAN RAKESH

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'नीलिमा' किस उपन्यास का पात्र है ?

(a) अन्धेरे बन्द कमरे (b) अन्तराल

(c) न आनेवाला कल (d) कई एक अकेले

2 मोहन राकेश के एक यात्रावृत्त के नाम बताइए ।

(a) क्वार्टर (b) आखिरी चट्टान तक

(c) अरे यायावर रहेगा याद (d) तिब्बत यात्रा

3 कहानी संग्रह 'चेहरे' का प्रकाशन वर्ष ?

(a) 1972. (b) 1970.

(c) 1973. (d) 1971.

4 'रंगमंच और शब्द' किस विधा की रचना है ?

(a) कहानी (b) उपन्यास

(c) कविता (d) निबन्ध

5 'स्त्री' के अनुसार पुरुष क्या चाहता है ?

(a) प्रमोशन (b) स्थानान्तरण

(c) सूरत जाना (d) जो उसके पास नहीं होता

Turn over

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

6 गोपाल क्या करते थे ?

(a) व्यापार (b) प्रोफसरी

(c) दफ्तर में बाबूगिरी (d) सेठ की मुनीमी

7 ममा ने स्टव पर क्या रखा था ?

(a) काफी (b) चाय

(c) दूध (d) पानी

8 'छत्तरियाँ किस विधा की रचना है ?

(a) उपन्यास (b) बीजनाटक

(c) एकांकी (d) पार्श्व नाटक

9 'स्त्री' की बड़ी लड़की का नाम क्या है ?

(a) बिन्नी (b) किन्नी

(c) निन्नी (d) पिन्नी

10 सुन्दरी किस नाटक का पात्र है ?

(a) आषाढ़ का एक दिन (b) लहरों के राजहंस

(c) आधे-अधूरे (d) अंडे के छिलके

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

1 अपनी ज़िन्दगी चौपट करने का ज़िम्मेदार मैं हूँ। तुम्हारी ज़िन्दगी चौपट करने का ज़िम्मेदार मैं हूँ। इन सब की ज़िन्दगी चौपट करने का ज़िम्मेदार मैं हूँ। फिर भी मैं घर से चिपका हूँ, क्योंकि अन्दर से मैं आरामतलब हूँ, घूर-घूसरा हूँ, मेरी हड्डियों में जंग लगा है।

**अथवा**

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

कैसी बात कर रही हूँ ? यहाँ पर लोग समझते क्या है मुझे एक मशीन, जो कि सब के लिए आटा पीस-पीसकर रात को दिन और दिन को रात करती रहती है ? मगर किसी के मन में ज़रा-सा भी ख्याल नहीं है इस चीज़ केलिए कि कैसे मैं.......।

2 ''साढ़े सात साल पहले तू इतना-सा था,'' यह कहकर बूढ़े ने मुस्कुराने की कोशिश की ।

**अथवा**

''हाँ ! पहले हम इसी गली में रहते थे'' बूढ़े ने कहा । ''मेरा लड़का चिरागदीन तुम लोगों का दर्जी था । बँटवारा से छः महीने पहले हम लोगों ने यहाँ अपना नया मकान बनवाया था'' ।

3 ''तुम्हें मेरे अन्दर वह स्त्री नहीं मिल सकी जिसे तुम मन से प्यार कर सको । इसलिए तुम्हारा मन भटकता है । चाहे तुम किसी और को नही चाहते हो, मगर कुछ और ज़रूर चाहते हो, वह कुछ तो तुम्हें मेरे अन्दर नहीं मिलता'' ।

**अथवा**

''.........उसकी अन्तहीन झल्लाहट, खीज, निराशा, कुंठा और वितृष्णा आरोपित, असंतुलित और रुग्ण लगती या बचकानी या सतही'' ।

**(3 × 5 = 15 marks)**

III. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 'अण्डे के छिलके' के आधार पर बीना का चरित्र-चित्रण ।

2 आधे-अधूरे का भाषा-शिल्प ।

3 कहानीकार मोहन राकेश ।

4 बीजनाटक 'हं' के आधार पर पपा का चरित्र-चित्रण ।

5 'लहरों के राजहंस' नाटक में प्रतीक विधान ।

6 'अन्धेरे बन्द कमरे' के कथानक एवं उद्देश्य ।

7 नाटक और बीजनाटक का अन्तर ।

8 अम्बिका का चरित्र चित्रण ।

**(5 × 5 = 25 marks)**



CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

IV. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 मोहन राकेश के बीज नाटक 'हं' की समीक्षा नाटक के तत्वों के आधार पर कीजिए ।

**अथवा**

समकालीन ज़िन्दगी का पहला सार्थक नाटक है 'आधे अधूरे' समर्थन कीजिए ।

2 कहानी तत्वों के आधार पर 'मलबे का मालिक' कहानी का सारांश लिखिए ।

**अथवा**

'आर्द्रा' मोहन राकेश की प्रतीकात्मक कहानी है । स्पष्ट कीजिए ।

3 'अन्धेरे बन्द कमरे' उपन्यास की चारित्रिक संरचना पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

मोहन राकेश के उपन्यासों की प्रमुख विशेषताओं पर विश्लेषण कीजिए ।

(3 × 10 = 30 marks)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

D 91246 (Pages : 3) Name.......................................

Reg. No...................................

# THIRD SEMESTER P.G. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CCSS)

M.A. Hindi

HIN 3E 03—JOURNALISM AND MEDIA WRITING

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 साप्ताहिक उदन्त मार्ताण्ड के संपादक कौन हैं ?

(a) पं. जुगल किशोर शुक्ल (b) राजाराम मोहन रॉय

(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) मदन मोहन मालवीय

2 Multimedia के लिए हिन्दी शब्द क्या है ?

(a) मुद्रित माध्यम (b) श्रव्य माध्यम

(c) बहु माध्यम (d) जन माध्यम

3 The objective of Journalism is service—किसका कथन है ?

(a) महात्मागाँधी (b) पंडित जवाहरलाल नेहरु

(c) जोसफ़ पुलिस्टर (d) मैथ्यु अर्नाल्ड

4 भारतीय पत्रकारिता के जनक कौन थे ?

(a) जेईम्स अगस्टस हिक्की (b) विलियम बोल्ड

(c) मार्क ट्वेइन (d) आलबर्ट कामूस

5 भारत में पहला प्रेस कहाँ स्थापित हुआ था ?

(a) मुंबई में (b) गोवा में

(c) कलकत्ता में (d) चेन्नाई में

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

6 आधुनिक मुद्रण कला किसकी देन मानी जाती है ?

(a) जोहनास गुटन बर्ग
(b) विलियम बोल्ड
(c) टी.एच स्कोट
(d) सी.जी. मूलर

7 "चार विरोधी अखबारों से जितना भयभीत रहता था उतना चार बटालियनों से भी नहीं" किसका कथन माना जाता है ?

(a) नेपोलियन बोनापार्ट
(b) जैफरसन
(c) ड्यूक ऑफ वेलिंग्टन
(d) जूलियस रॉयटर

8 Printer के लिए प्रयुक्त हिन्दी शब्द कौन-सा है ?

(a) प्रकाशक
(b) मुद्रक
(c) संपादक
(d) संवाददाता

9 संसदीय पत्रकारिता के लिए प्रयुक्त हिन्दी शब्द क्या है ?

(a) Rural Journalism.
(b) Investigative Journalism.
(c) Sarvodaya Journalism.
(d) Parliamentary Journalism.

10 'संचार' शब्द के अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्द 'Communication' किस भाषा से निकल कर आया है ?

(a) लैटिन
(b) संस्कृत
(c) फ्रेंच
(d) रूसी

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी लिखिए :

1 प्रूफ रीडर के लिए अवश्य गुण

2 संपादकीय लेखन कार्य

3 शैक्षणिक पत्रकारिता

4 नव इलेक्ट्रोणिक माध्यम

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

5 दूरदर्शन और मीडिया

6 फ़ीचर लेखन के सहायक तत्व

7 लीड

8 प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया

(5 × 5 = 25 marks)

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 भारत में पत्रकारिता का उद्भव और विकास विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

2 संचार माध्यम अथवा मीडिया की दृष्टि से विज्ञापनों के प्रकार संक्षेप में बताइए ।

3 माध्यमोपयोगी लेखन का स्वरूप और प्रमुख प्रकार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

4 समाचार संकलन और इसके विविध प्रकारों पर चर्चा कीजिए ।

5 जनसंचार माध्यमों से आशय और उनके वर्गीकरण पर एक आलेख तैयार कीजिए ।

6 प्रेस व्यवस्था (प्रबंधन कार्य) की रूपरेखा समझाइए ।

(3 × 15 = 45 marks)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 91245** (Pages : 4) Name.....................................

Reg. No.................................

# THIRD SEMESTER P.G. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CCSS)

M.A. Hindi

HIN 3E 02—DALIT LITERATURE IN HINDI

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'छप्पर' उपन्यास में चित्रित गाँव का नाम याद कीजिए ?

(a) मातापुर (b) बुन्देलखण्ड

(c) मेवाड (d) चरोतर

2 माताप्रसाद की कृति 'एकलव्य' किस विधा से जुड़ी हुई है ?

(a) खण्डकाव्य (b) महाकाव्य

(c) चंपूकाव्य (d) प्रबन्धकाव्य

3 'क्रौंच हूँ मैं' किसका काव्य-संग्रह है ?

(a) श्योराजसिंह चौहान (b) मंसाराम विद्रोही

(c) लालचंद राही (d) देवेन्द्र दीपक

4 चंदन किस उपन्यास का पात्र है ?

(a) छप्पर (b) जूठन

(c) मैला आंचल (d) बस तस भई सवेर

5 मोहनदास नैमिशराय की पहली कहानी का नाम ?

(a) कर्ज (b) शाल का पेड़

(c) नोबार (d) सुरंग

Turn over

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

6 ''भानुदय हो चुका है हमारे अंतर में

आत्मबोध का निज अस्तित्व का'' । किस कविता की पंक्तियाँ हैं ?

(a) अस्तित्व की पहचान (b) मेरी मान्यता

(c) राम की रिहाई पर (d) राही

7 'बदूबू' कहानी का रचनाकार कौन है ?

(a) मुद्राराक्षस (b) सूरजपाल चौहान

(c) रतनवर्मा (d) माता प्रसाद

8 चेतना के स्वर में कितने कवियों की कविताएँ संकलित है ?

(a) 12. (b) 18.

(c) 10. (d) 14.

9 'दाग दरिया सच' किसकी रचना है ?

(a) रमणिका गुप्ता (b) सुशीला टाकभौरे

(c) माताप्रसाद (d) प्रेमकपाडिया

10 मैं आज भी/यात्री हूँ/उसी प्रकाश पथ का/मेरी यात्रा आज भी ज़ारी है'' । किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(a) डॉ. चन्द्रकुमार वरठे (b) लालचन्द राही

(c) माता प्रसाद (d) देवेन्द्र दीपक

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

1 भोर की प्रतीक्षा में

जाने यह रात कब बीते

बोधिसत्वचिन्तित है

जीवन सीमित है

काल अनन्त है

संसार में दु:ख की

**अथवा**

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

सचाई तो यह है कि

गुरु शिष्यों ने मिलकर

घिनौना षड्यंत्र रचा

और एकलव्य का अंगूठा

बेरहमी से काट दिया

जनता में आक्रोश उत्पन्न न हो इसलिए

उसकी गुरु भक्ति का

प्रचार कर दिया ।

2 "हमारे गाय भैंस इसमें पानी पीते हैं अगर अछूत भी इसमें पानी पी लेंगे तो वह जूठा हो जाएगा । वही पानी गाय भैंस के पीने पर उनके दूध में भी जूठापन आ जाएगा" ।

**अथवा**

"यह हमारे सामाजिक संघर्ष का शुरू आत है । हम दुनिया को दिखा देना चाहते हैं कि एक तरफ़ हमें हिन्दू कहा जाता है दूसरी तरफ़ हिन्दु ही हमारे साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं" ।

3 "समाज को दिव्य शक्तियों से भयभीत रखकर धर्म विशेष को जीवित रखना । यज्ञ आदि अनुष्ठानों के पीछे यही कारण है और भारतीय समाज की यह एक त्रासदी है कि किसी भी आपदा के समय उससे निपटने के उपाय खोजने की बजाय देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाती है, तरह तरह के अनुष्ठान किये जाते हैं" ।।

**अथवा**

"अपनी चिंता छोड, हमें थोड़े दु:ख उठाने पड़े रहे हैं तो क्या दु:ख के बाद ही सुख आता है, हमारे दिन भी बहारेंगे कभी न कभी" ।

(3 × 5 = 15 marks)

III. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 ओमप्रकाश के स्कूली जीवन पर प्रकाश डालिए ।

2 दलितों पर सवर्णों के अत्याचार का उदाहरण पठित कहानियों के संदर्भ में व्यक्त कीजिए ।

3 'धर्म परिवर्तन' नाटक के परिप्रेक्ष्य में अम्बेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।



CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

4 अपने संपर्क में आये विभिन्न अध्यापकों के प्रति ओमप्रकाश की मान्यता पर टिप्पणी कीजिए ।

5 'चेतना के स्वर' में संकलित कविताओं के संवेदना-पक्ष पर टिप्पणी कीजिए ।

6 चंदन द्वारा बनाया गया दलित युवकों के सर्किल में शामिल युवकों के नाम बताकर उसके चिन्तन और कार्यक्रम पर प्रकाश डालिए ।

7 'छप्पर' उपन्यास में व्यक्त लेखकीय उद्देश्य ।

8 दलित जीवन को संवेदनात्मक दृष्टि से चित्रित करने में माता प्रसाद किस हद तक सफल हुआ है 'धर्म परिवर्तन' नाटक के संदर्भ में व्यक्त कीजिए ।

9 'शवयात्रा' कहानी में व्यक्त दलित जीवन ।

10 'अस्तित्व की पहचान' कविता के संदेश ।

(5 × 5 = 25 marks)

IV. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 'छप्पर' उपन्यास की तात्विक विवेचना प्रस्तुत कीजिए ।

**अथवा**

'छप्पर' उपन्यास में चित्रित दलित जीवन की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक स्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

2 'धर्म परिवर्तन' नाटक में वर्ण व्यवस्था की भीषणता पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

'धर्म परिवर्तन' नाटक के रचनाकार ने हिन्दु समाज में धर्मान्तरण के कारणों पर गंभीरता से विचार किया है । स्पष्ट कीजिए ।

3 'चेतना के स्वर' कविता संकलन की कविताओं की विशेषताएँ चयनित कीजिए ।

**अथवा**

दलित साहित्य की अवधारणाओं पर प्रकाश डालिए ।

(3 × 10 = 30 marks)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 91243** (Pages : 3) Name.......................................

Reg. No...................................

# THIRD SEMESTER P.G. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CCSS)

M.A. Hindi

HIN 3C 10—THEORY OF LITERATURE : INDIAN AND WESTERN

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 ''विशिष्ट पद रचना रीति: ''—यह किसका कथन है ?

(a) भामह (b) कुन्तक

(c) वामन (d) विश्वनाथ

2 अद्भुत रस का स्थायीभाव क्या है ?

(a) शोक (b) विस्मय

(c) क्रोध (d) हास

3 आचार्य अभिनवगुप्त के अनुसार 'निष्पत्ति' का अर्थ क्या है ?

(a) अभिव्यक्ति (b) भुक्ति

(c) उत्पत्ति (d) अनुमिति

4 इनमें से औचित्य संप्रदाय के आचार्य कौन है ?

(a) वामन (b) कुन्तक

(c) भामह (d) क्षेमेन्द्र

5 'ध्वन्यालोक' किसकी रचना है ?

(a) रूद्रट (b) वामन

(c) आनन्द वर्धदन (d) भरतमुनि



CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

6 ''काव्य, जगत की मिथ्या अनुकृति है'' ।—यह किसका मत है ?

(a) अरस्तु (b) प्लेटो

(c) होरस (d) क्रोचे

7 नयी समीक्षा के सूत्रपात करने का श्रेय किसको है ?

(a) लेंगर (b) टी.एस. इलियट

(c) क्रोचे (d) रिचर्डस्

8 अभिव्यंजनावाद के प्रमुख प्रवर्तक कौन है ?

(a) अरस्तु (b) प्लेटो

(c) क्रोचे (d) कीट्स

9 ''कला प्रकृति की अनुकृति है'' ।—यह किसकी राय है ?

(a) प्लेटो (b) होमर

(c) लेंगर (d) अरस्तु

10 काव्य में ''उदात्त तत्व'' को प्रधानता किसने दी है ?

(a) टी.एस. इलियट (b) लोंजाइनस

(c) रिचर्डस् (d) क्रोचे

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 रीति सिद्धान्त को सविस्तार समझाइए ।

2 रस निष्पत्ति से संबंधित विविध वादों पर प्रकाश डालिए ।

3 काव्य की आत्मा के संबंध में विभिन्न आचार्यों का दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए ।

4 अरस्तु के अनुकरण सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए ।

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

5 कालरिज के कल्पना सिद्धान्त का परिचय दीजिए ।

6 संप्रेषण सिद्धान्त के आधार पर आई.ए. रिचर्डस् के काव्य संबंधी मान्यताओं पर प्रकाश डालिए ।

(3 × 15 = 45 marks)

III. किन्हीं **पांच** पर टिप्पणी लिखिए :

1 काव्य के लक्षण ।

2 उत्पत्तिवाद ।

3 साधारणीकरण ।

4 वक्रोक्ति के प्रकार ।

5 विखंडनवाद ।

6 अलंकार संप्रदाय ।

7 औचित्य के प्रकार ।

8 उत्तर आधुनिकता ।

(5 × 5 = 25 marks)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 91242** (Pages : 3) Name.....................................

Reg. No.................................

# THIRD SEMESTER P.G. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CCSS)

M.A. Hindi

HIN 3C 09—ANCIENT AND MEDIEVAL HINDI POETRY

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 पुष्टिमार्ग के प्रयोक्ता कौन है ?

(निम्बार्क, वल्लभाचार्य, रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य)

2 'अखरावट' किसकी रचना है ?

(जगनिक, कबीरदास, जायसी, तुलसीदास)

3 'रामचरितमानस' की कथावस्तु को किस नाम से बाँटा गया है ?

(काण्ड, समय, सर्ग, अध्याय)

4 चन्दबरदाई को हिंदी का प्रथम कवि माननेवाले आचार्य कौन है ?

(डॉ. रामकुमार वर्मा, हज़ारीप्रसाद दिव्वेदी, बच्चनसिंह, रामचन्द्र शुक्ल)

5 सूरदास की रचनाओं में कौनसी भक्ति निहित है ?

(साख्य भक्ति, दास्य भक्ति, कीर्तन भक्ति, नारदीय भक्ति)

6 'पृथ्वीराज रासो' में कितने समय है ?

(49, 59, 69, 79)

7 बिहारी किसके दरबारी कवि थे ?

(सम्राट अक्बर, शाहजहॉ, राजा पृथ्वीराज चौहान, राजा जयसिंह)

**Turn over**

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

8 'पद्मावत्' में चित्रित रूपक तत्वों के आधार पर नागमति किसका प्रतीक है ?

(सांसारिक मोह, शैतान, परमात्मा, मन)

9 कबीरदास के गुरू कोन थे ?

(नरहरिदास, वल्लभाचार्य, धर्मदास, रामानंद)

10 'सूरसारावली' की भाषा कौनसी है ?

(ब्रज, अवधी, छत्तीसगढी, सधुक्कडी)

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **पाँच** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

1 उच्चरिय कीर सुनि वयनं, हिंदुवान दिल्लीगढ़ अयनं ।
तहँ इंदअवतार चहुआनं, तहँ प्रथिराजह सूर सुभानं ।।

2 स्वामी सेवक एक मत मत में मत मिलि जाई ।
चतुराई रीझै नहीं रीझै मन कै भांइ ।।
हंसि हंसि कंत न पाइअ जिन पाया तिन रोइ ।
हांसी खेलां पिउ मिलै तौ नहीं दुहागिनि कोइ ।।

3 गिरि तै ऊँचे रसिक-मन, बूडे जहाँ हजारु ।
वहै सदा पशु नरनु कौं, प्रेम-पयोधि पगारू ।।

4 आजु बधाई नन्द के माई । ब्रज की नारी सकल जुरि आईं ।
सुन्दर नन्द महर के मंदिर । प्रगट्यो पूत सकल सुखकंदर ।।
जसुमति ढोटा ब्रज की शोभा । देखि सखी कछू औरे लोभा ।
लछिमी सो जहँ मालिन बोले । बंदन माला बाँधत डोलै ।।

5 सुधा सुधाकर सुरसरि साधू । गरल अनल कलिमल सरि ब्याधु ।
गुन अनगुन झानत सब कोई । जो जेबि भाव नीक तेहि सोई ।।

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

6 सिंगिनि सुसद्द गुनि चढ़ि जंजीर,

चुक्कइ न सबद बेधंत तीर ।।

बलि बैनस करन जिमि दान पान,

सत सहस सील हरिचंद समान ।।

7 अबिगत, अगम, अपार आदि अवगत है सोई ।

आदि निरजन नाम ताहि रंजै सब कोई ।।

नैन नासिका अग्र है तहाँ ब्रह्म को बास ।

अविनासी बिनसै नहीं, हो, सहज ज्योति परकास ।।

8 अगहन दिवस घटा निसि बाढ़ी । दूभर रैनि जाई किमि गाढ़ी ?

अब यहि बिरह दिवस भा राती । जरौं बिरह जस दीपक बाती ।।

कांपै हिया जनावै सोऊ । तौ पै जाइ होइ सँग पीऊ ।

घर घर चीर रचे सब काहू । मोर रूप रंग लेइगा नाहू ।।

(5 × 5 = 25 marks)

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 बिहारी के काव्य सौष्ठव पर प्रकाश डालिए ।

2 'नागमती वियोग खण्ड' के आधार पर जायसी के विरह वर्णन की विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

3 कबीरदास और सूरदास को राम का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

4 सूरदास के दार्शनिक सिद्धांतों का भ्रमरगीत में कहाँ तक निर्वाह हुआ है ? विचार - विमर्श कीजिए ।

5 'पृथ्वीराज रासो' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(3 × 15 = 45 marks)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90806** **(Pages : 2)** **Name.....................................**

**Reg. No.................................**

**THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (REGULAR) EXAMINATION NOVEMBER 2020**

(CBCSS)

Hindi

HIN 3E 06—FILM STUDY

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

**General Instructions**

1. *In cases where choices are provided, students can attend* **all** *questions in each Section/Part.*
2. *The minimum number of questions to be attended from the Section/Part shall remain same.*
3. *There will be an overall ceiling for each Section/Part that is equivalent to maximum weightage of the Section/Part.*

**Part A**

I. किन्हीं **चार** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए (100 शब्दों में) :

1 सिनेमा और संस्कृति में क्या संबन्ध है ?

2 भारतीय फिल्मी क्षेत्र में दादा साहेब फाल्के के योगदान पर टिप्पणी लिखिए।

3 'इकबाल' फिल्म के पात्रों का परिचय दीजिए।

4 फिल्मी भाषा पर टिप्पणी लिखिए।

5 पटकथा के ढाँचे को समझाइए।

6 'अलिगढ़' फिल्म का विषय क्या है ?

7 फिल्म में निर्देशक की भूमिका क्या है ?

(4 × 2 = 8 weightage)

**Part B**

II. किन्हीं **चार** पर टिप्पणी लिखिए (150 शब्दों में) :

8 फिल्मी आलोचकों का प्रभाव प्रेक्षकों पर कैसे पड जाता है ?

9 'मिर्च मसाला' सिनेमा के द्वारा निर्देशक क्या संदेश देना चाहता है ?

**Turn over**

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

10 सिनेमा में संवाद का क्या महत्व है ?

11 'पीपली लाइव' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

12 सिनेमा की तकनीकी भूमिका का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

13 फिल्मी आलोचना के विभिन्न स्तरों का परिचय दीजिए।

14 'पाथेर पांचली' फिल्म के यथार्थवादी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए।

(4 × 3 = 12 weightage)

## Part C

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में) :

15 भारतीय सिनेमा के प्रमुख प्रवर्तकों का परिचय दीजिए।

16 'वर्तमान मूल्यों का व्यावहारिक विश्लेषण हिन्दी सिनेमा में' विषय की चर्चा सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

17 विभिन्न फिल्मी सिद्धान्तों का परिचय दीजिए।

18 सिनेमा के उद्भव एवं विकास पर लेख लिखिए।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90802** (Pages : 2) Name.....................................

Reg. No.................................

# THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (REGULAR) EXAMINATION NOVEMBER 2020

(CBCSS)

Hindi

## HIN 3E 02—OFFICIAL LANGUAGE HINDI AND SECRETARIAL DRAFTING

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

### General Instructions

1. *In cases where choices are provided, students can attend* **all** *questions in each Section/Part.*
2. *The minimum number of questions to be attended from the Section/Part shall remain same.*
3. *There will be an overall ceiling for each Section/Part that is equivalent to maximum weightage of the Section/Part.*

### Part A

I. किन्हीं **चार** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए (100 शब्दों में) :

1 संविधान की अष्टम अनुसूची की भाषाएँ ।

2 भारत संघ की राज भाषा नीति ।

3 राजभाष अधिनियम 1976 ।

4 भाषा के आधार पर राज्यों का विभाजन ।

5 सार लेखन ।

6 मानक भाषा ।

7 संकल्प ।

(4 × 2 = 8 weightage)

### Part B

II. किन्हीं **चार** पर टिप्पणी लिखिए (150 शब्दों में) :

8 तकनीकी एवं प्रौद्योगिक हिंदी पर टिप्पणी लिखिए ।

9 संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्भ निर्धारित राजभाषा का स्वरूप ।

Turn over

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

10 राजभाषा संकल्प 1968 का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

11 ज्ञापन और कार्यालय ज्ञापन का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

12 सचिवालय की कार्य पद्धति को समझाइए ।

13 अर्धसरकारी पत्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

14 आदर्श शासकीय पत्र की विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

(4 × 3 = 12 weightage)

## Part C

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में) :

15 भारत संघ की बहुभाषिक परिस्थिति में हिंदी का स्थान निर्धारित कीजिए ।

16 हिंदी के वैविध्यात्मक स्वरूप का विवेचन कीजिए ।

17 अपने इलाके के बाढ़ - ग्रस्त अवाम केलिए तुरंत शहत कार्य की मांग करते हुए उनकी परेशानियों के विवरण के साथ मुख्यमंत्री के नाम भेजने केलिए पत्र तैयार कीजिए ।

18 आदर्श पत्र की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए सरकारी पत्रों के विभिन्न प्रकारों का संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90800** **(Pages : 2)** **Name.....................................**

**Reg. No..................................**

# THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (REGULAR) EXAMINATION NOVEMBER 2020

(CBCSS)

Hindi

HIN 3C 10—ORIGIN AND DEVELOPMENT OF HINDI LANGUAGE AND STRUCTURE OF HINDI

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

**General Instructions**

1. *In cases where choices are provided, students can attend* **all** *questions in each Section/Part.*
2. *The minimum number of questions to be attended from the Section/Part shall remain same.*
3. *There will be an overall ceiling for each Section/Part that is equivalent to maximum weightage of the Section/Part.*

**Part A**

I. किन्हीं **चार** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए (100 शब्दों में) :

1 अपभ्रंश के भेद और विशेषताएँ ।

2 पूर्वी हिंदी ।

3 हिंदी में उपसर्ग और प्रत्यय ।

4 हिंदी की कारक संरचना ।

5 राज भाषा और राष्ट्रभाषा ।

6 देवनागरीलिपि की विशेषताएँ ।

7 हिंदी क्रिया के धातु रूप ।

(4 × 2 = 8 weightage)

**Part B**

II. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (150 शब्दों में) :

8 हिंदी की शब्द संरचना का विवेचन कीजिए ।

9 हिंदी के स्वर स्वनिमों का सोदाहरण विवरण दीजिए ।

**Turn over**

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

10 हिंदी के स्पर्श व्यंजन स्वनिमों का सोदाहरण विवरण दीजिए ।

11 हिंदी में शब्द क्रम और अन्विति व्यवस्था पर विचार कीजिए ।

12 प्रकार्य की दृष्टि से हिंदी क्रिया के भेदों पर प्रकाश डालिए ।

13 हिंदी क्रिया की वाच्य संरचना को समझाइए ।

14 देवनागरी लिपि की विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

(4 × 3 = 12 weightage)

## Part C

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में) :

15 हिंदी के विविध रूपों का विवेचन कीजिए ।

16 हिंदी की वाक्य रचना प्रक्रिया का सोदाहरण विवरण दीजिए ।

17 हिंदी की कारक संरचना एवं विभिन्न कारकीय संबंधों का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

18 'मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं के क्रमिक विकास का सोदाहरण विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90799** (Pages : 3) Name........................................

Reg. No....................................

# THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (REGULAR) EXAMINATION NOVEMBER 2020

(CBCSS)

Hindi

HIN 3C 09—MODERN HINDI POETRY UPTO CHAYAVAD

(2019 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

## General Instructions

1. *In cases where choices are provided, students can attend* **all** *questions in each Section / Part.*
2. *The minimum number of questions to be attended from the Section / Part shall remain same.*
3. *There will be an overall ceiling for each Section / Part that is equivalent to maximum weightage of the Section / Part.*

## Part A

I. किन्हीं **चार** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए (100 शब्दों में) :

1 पंत का प्रकृति वर्णन ।

2 महादेवी वर्मा के काव्यों में विरह वर्णन ।

3 कामायनी का दर्शन ।

4 यशोधरा काव्य की विशेषताएँ ।

5 निराला की मुक्तछंद की अवधारणा ।

6 राम की शक्तिपूजा की प्रतीक योजना ।

7 बादल राग में अभिव्यक्त क्रांतिकारी स्वर ।

(4 × 2 = 8 weightage)

## Part B

II. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

8 समर्पण लो सेवा का सार

सजल संसृति का यह पतवार,

Turn over

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

आज से यह जीवन उत्सर्ग
इसी पददल में विगत विकार ।

9 यह भी पता नहीम, कब, किसका
समय कहाँ आ बीता हैं ?
विष का ही परिणाम निकलता,
कोई रस क्या पीता है ?

10 जाना बस, पिक-बालिका प्रथम
पल अन्य नीड़ में जब सक्षम
होती उड़ने को, अपना स्वर
भर करती ध्वनि मौन प्राँतरा ।

11 जीर्ण बाहू, है शीर्ण शरीर
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर
चूस लिया है उशका सार,
हाड़ मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार

12 मेरे सपनों में कलरव का
संसार आँख जब खोल रहा
अनुराग समीरों पर तितरता
था इतराता सा डोल रहा ।

13 निशि हुई विगत: नभ के ललाट पर प्रथम किरण
फूटी रघुनंदन के दृग महिमा-ज्योति-हिरण,

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

हैं नहीं शरासन आज हस्त-तूणीर स्कंध,
वह नहीं सोहता निबिड़-जटा-दृढ़-मुकुट-बन्ध ।

14 आयी याद बिछुडन से मिलन की वह मधुर बात,
आयी याद चाँदिनी की धुली हुई आधी रात,
आयी याद कांता की कम्पित कमनीय गात,
फिर क्या ? पवन

(4 × 3 = 12 weightage)

## Part C

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (600 शब्दों में) :

15 कामायनी के रूपक तत्व पर विचार कीजिए ।

16 सरोज स्मृति मात्र एक शोक गीत नहीं, वेदना का महाकाव्य है । इस तथ्य पर अपना विचार व्यक्त कीजिए ।

17 छायावादी कवियों की सौंदर्य दृष्टि पर प्रकाश डालिए ।

18 कुरुक्षेत्र की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 5 = 10 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90569** **(Pages : 3)** **Name..................................**

**Reg. No..................................**

# THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CUCSS)

Hindi

HI 3E 03—ECOLOGY AND HINDI LITERATURE

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 36 Weightage

I. तथ्यात्मक उत्तर लिखिए :

1 किसने प्रकृति को मनुष्य का अजैव शरीर कहा ?

2 'Green Political theory' का कृतिकार कौन है ?

3 सुन्दरलाल बहुगुणा की पुस्तक का नाम क्या है ?

4 'परमाणु केन्द्र की स्थापना के खिलाफ तमिलनाडु में कहाँ आन्दोलन हुआ ?

5 'साहित्य का पारिस्थितिक दर्शन' की लेखिका कौन है ?

6 'धार' किसका उपन्यास है ?

7 साइलैंट वैली किस राज्य में स्थित है ?

8 ओज़ोन परत को प्रभावित करनेवाली मुख्य गैस कौन-सी है ?

9 'विश्वकर्मा' का रचयिता कौन है ?

10 'पार' किसका उपन्यास है ?

11 'The One Straw Revolution' का कृतिकार कौन है ?

12 'नाग केसर का देश यह' किसकी कविता है ?

13 'मेधा पाटकर' नामक कविता किसकी है ?

14 'गंगातट' किसकी काव्यकृति है ?

(14 × 1 = 14 weightage)

**Turn over**

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

1 जो घिसट रहा था बाल पकडकर, वही सजा रहा है गजरा ·
जो मरोड रहा था कलाइयाँ, वही पहना रहा है कंगन ।

2 शहर का सबसे सुरक्षित किनारा, अपनी ही धारा से द्रोह कर बैठता है,
और कचरे की संभावना से अटा पडा शहर, अपने ही वजूद में रिसने सगता है ।

3 कौन रहेगा दुर्दिनों में आगे ? कौन देगा अमंगल में साथ ?
समुद्र पीछे खिसक रहा है, पीछे खिसक रहा है कच्छप ।

4 पीडाओं का इतिहास नहीं मिलता,
लिखा हुआ । कहीं । फिर भी,
पीडाओं की धरती,
इतनी उर्वर है कि और-और पीडायें
उत्पन्न करती रहती है दिन-रात ।

5 किसे हैं याद कल यहाँ कितना पानी थ
जहाँ डूबी थी नौका वहाँ
एक बच्चा छपकता दौडता जा रहा है
पानी के नीचे चमकता बालू ।

6 मित्र में जानता हूँ अपनी कमजोरी
लेकिन क्या करूँ अपनी इस आदत का
जिसने पक्के मकान के आँगन में थोडी-सी कच्ची जमीन छोड रखी है ।

(3 × 2 = 6 weightage)

III. किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 पर्यावरण और पारिस्थितिकी ।

2 भारत के पारिस्थितिक कार्यकर्ता ।

3 प्रकृति और पारिस्थितिकी ।

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

4 अरविन्द पांडे ।

5 आरोहण ।

6 नाले का तट ।

7 पृथ्विदिवस १९९१ ।

8 सूखती नदी ।

(4 × 2 = 8 weightage)

IV. किन्हीं दो पर आलेख लिखिए :

1 समकालीन साहित्य के पारिस्थितिक सरोकार पर एक लेख लिखिए ।

2 विकास, विस्थापन और पारिस्थितिक संकट को अभिव्यक्त करने मे 'डूब' उपन्यास कहाँ तक सफल हुआ है । तर्क संगत उत्तर लिखिए ।

3 'पारिस्थितिक विमर्श और समकालीन कहानी'—इस पर एक लेख लिखिए ।

4 ज्ञानेन्द्रपति और एकांत श्रीवास्तव की कविताओं में अभिव्यक्त पारिस्थितिक सजगता पर चर्चा कीजिए ।

(2 × 4 = 8 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

D 90568 (Pages : 3) Name..............................

Reg. No..............................

# THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2020

(CUCSS)

Hindi

HI 3E 02—OFFICIAL LANGUAGE HINDI AND FUNCTIONAL HINDI

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 36 Weightage

I. तथ्यात्मक उत्तर लिखिए :

1 किस वर्ष भारत का संविधान लागू हुआ ?

2 राजभाषा अधिनियम कब पारित हुआ ?

3 राजभाषा नियम, 1976 के तहत महाराष्ट्र राज्य राजभाषा कार्यान्वयन के उद्देश्य से किस भाषाई क्षेत्र में आता है ?

4 संसदीय राजभाषा समिति का प्रथम अध्यक्ष कौन है ?

5 संविधान के अनुसार कितने वर्ष की अवधि तक अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग जारी रखना है ?

6 संविधान में राजभाषा संबंधी कुल कितने अनुच्छेद है ?

7 खेर आयोग किसे कहते हैं ?

8 Humidity के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द क्या है ?

9 परमाणु का अंग्रेज़ी शब्द क्या है ?

10 कंप्यूटर की मूल सक्रियात्मक ईकाई कौन-सी है जो इनपुट उपकरणो द्वारा दिए गए आंकडों के अनुरूप कार्य आउट इकाई को भेजती है ?

11 प्रत्येक अंग्रेज़ी शब्द के लिए संस्कृत व्याकरण के अनुसार शब्द गठन करने के पक्ष में बोलने वाले संस्कृत विद्वान का नाम लिखिए ।

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

12 पोर्टल का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

13 किसी भी सामग्री को लगभग दो तिहाई भाग में संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत करने को क्या कहते हैं ?

14 वेबदुनिया का प्रारंभ कब हुआ ?

(14 × 1 = 14 weightage)

II. किन्हीं **सात** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 मातृभाषा

2 टिप्पण

3 पारिभाषिक शब्दावली का महत्व

4 प्रथम पीढ़ी का कंप्यूटर

5 इंटरनेट

6 कार्यालय आदेश

7 अंग्रेज़ी शासन काल में राजभाषा

8 आउटपुट उपकरण

9 पंत समिति

10 राजभाषा आयोग

11 ईमेल

12 तकनीकि शब्दावली

13 अधिसूचना

14 अर्ध-सरकारी पत्र

(7 × 2 = 14 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 राजभाषा के रूप में हिंदी का महत्व निर्धारित कीजिए ।

2 पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धांतों की विवेचना कीजिए ।

3 'सुचना प्रौद्योगिकी में हिंदी की सुविधाएँ'—इस विषय पर लेख लिखिए ।

4 हिंदी के विभिन्न रूपों का परिचय दीजिए ।

(2 × 4 = 8 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90567** **(Pages : 2)** **Name..........................................**

**Reg. No......................................**

**THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2020**

(CUCSS)

Hindi

HI 3C 10—THEORY OF LITERATURE—INDIAN AND WESTERN

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 36 Weightage

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

I. तथ्यात्मक उत्तर लिखिए :

1 भरतमुनि की रचना कौन-सी है ?

2 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' यह किसकी उक्ति है ?

3 वीर रस का स्थायी भाव कौन-सा है ?

4 रस की संख्या कितनी मानी जाती है ?

5 भामह किस संप्रदाय का आचार्य हैं ?

6 औचित्य को काव्य की आत्मा किसने मानी ?

7 हिन्दी में रसवादी आलोचक के नाम से कौन जाने जाते है ?

8 प्लेटो के प्रमुख शिष्य कौन थे ?

9 साहित्य में कल्पना और ललित कल्पना की विशद चर्चा किसने की ?

10 त्रासदी की परिकल्पना किसने की ?

11 'बयोग्राफिया लिटरेरिया' का रचनाकार कौन है ?

12 'द सेक्रड वुड' किसकी कृति है ?

13 अस्तित्ववाद का प्रथम प्रमुख कौन है ?

14 'लिट्रेचर एंड ड्रामा' का कृतिकार कौन है ?

(14 × 1 = 14 weightage)

II. किन्हीं **सात** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 रस निष्पत्ति ।

2 संचारी भाव ।

3 रीति संप्रदाय के प्रवर्तक ।

4 ध्वनि संप्रदाय की प्रासंगिकता ।

5 साहित्य में वक्रोक्ति ।

6 औचित्य संप्रदाय के प्रवर्तक ।

7 आचार्य जगन्नाथ पंडित ।

8 कामदी ।

9 कला कला केलिए सिद्धांत ।

10 आभिजात्यवाद ।

11 मनोविश्लेषणवादी आलोचना ।

12 टी.एस. इलियट की परम्परा की परिकल्पना ।

13 मार्क्सवाद ।

14 व्यावहारिक आलोचना और आई ए रिचड्स ।

(7 × 2 = 14 weightage)

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 काव्य की आत्मा रस है । इस विषय पर तर्कसंगत उत्तर लिखिए ।

2 वक्रोक्ति संप्रदाय का विवेचन कीजिए ।

3 अरस्तू के काव्य संबन्धी विचारों पर प्रकाश डालिए ।

4 वड्सवर्थ की समीक्षा संबन्धी विचारों पर प्रकाश डालते हुए उसमें भाषा के वर्चस्व का मूल्यांकन कीजिए ।

(2 × 4 = 8 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

**D 90566** (Pages : 3) Name.....................................

Reg. No...................................

**THIRD SEMESTER M.A./M.Sc./M.Com. DEGREE (SUPPLEMENTARY) EXAMINATION, NOVEMBER 2020**

(CUCSS)

Hindi

HI 3C 09—MODERN HINDI POETRY INCLUDING CHAYAVAD

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 36 Weightage

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

I. तथ्यात्मक उत्तर लिखिए :

1 मैथिलीशरण गुप्त के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्य कौन-सा है ?

2 'पंचवटी' किसकी काव्यकृति है ?

3 माखनलाल चतुर्वेदी का उपनाम लिखिए।

4 रामनरेश त्रिपाठी किस धारा का कवि हैं ?

5 'प्रलय की छाया' किसकी लंबी कविता है ?

6 'खिला हो ज्यों बिजली का फूल, मेघवन बीच गुलाबी रंग'—यह किस काव्य की पंक्ति है ?

7 निराला का प्रथम काव्य संकलन कौन-सा है ?

8 'जुही की कली' का रचना वर्ष कौन-सा है ?

9 'अनामिका के कवि के प्रति' कविता किसने लिखी है ?

10 'परिवर्तन' कविता किस संकलन की है ?

11 ज्ञानपीठ से पुरस्कृत महादेवी वर्मा की कृति कौन-सी है ?

12 'दीपशिखा' किसका काव्य संकलन है ?

13 'कामायनी' का अन्तिम सर्ग कौन-सा है ?

14 'यदि वे मुझसे कहकर जाते....' किसकी पंक्ति है ?

(14 × 1 = 14 weightage)

**Turn over**

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

1 क्या भाग रहा हूँ भार देख ?

तू मेरी ओर निहार देख ?

मैं त्याग चला न्सेरसैर देख,

अटकेगा मेरा कौन काम ?

ओ क्षणभंगुर भव, राम राम !

2 वह जन्ण मरण का भ्रमण-भाण, मैं देख चुका हूँ अपरिमाण

निर्वाण-हेतु मेरा प्रयाण ?

क्या वात-वृष्टि, क्या शीत-घाम ।

ओ क्षणभंगुर भव, राम राम !

3 विषमता की पीडा से व्यस्त हो रहा स्पंदित विश्व महान,

यही दुख-सुख, विकास का सत्य यहीभूमा का मधुमय दान ।

4 बँधी महावट से नौका थी सीखे में अब पडी रही,

उत्तर चला था वह जल-प्लावन, और निकलने लगी मही ।

5 आई याद बिछुडन से मिलन की वह मधुर बात,

आई याद चाँदनी की धुली हुई आधी रात,

आई याद कांता की, कंपित कमनीय गात,

फिर क्या-पवन

उपवन-सर-सरिता गहन-गिरि-कानन

कुंज-लता-पुंजों को पार कर

पहुँचा जहाँ उसने की केलि

कली-खिली-साथ ।

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT

6 लख शंकाकुल हो गये अतुल-बल शेष-शयन
खिंच गये दृगों में सीता के राममय नयन
फिर सुना-हँस रहा अटटहास रावण खलखल,
भावित नयनों से सजल गिरे दो मुक्त-दल ।

(3 × 2 = 6 weightage)

III. किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

1 द्विवेदीयुगीन काव्य में इतिवृत्तात्मकता ।

2 मैथिलीशरण गुप्त की काव्यभाषा ।

3 प्रसाद काव्य में मानवीकरण ।

4 पंत की काव्य-यात्रा ।

5 'जुही की कली' ।

6 महादेवी वर्मा की कविता में गीतिकला ।

7 युद्धकाव्य के रूप में 'कुरुक्षेत्र' ।

8 छायावाद की सामाजिकता ।

(4 × 2 = 8 weightage)

IV. किन्हीं दो पर आलेख लिखिए :

1 नारी चेतना की दृष्टि से 'यशोधरा' का मूल्यांकन कीजिए ।

2 'कामायनी' के महाकाव्यत्व पर चर्चा कीजिए ।

3 'राम की शक्तिपूजा' शक्ति का काव्य है । इस पर अपना विचार प्रकट कीजिए ।

4 द्विवेदी युग और छायावाद युग की काव्याभाषाओं की तुलना कीजिए ।

(2 × 4 = 8 weightage)

CHMK LIBRARY UNIVERSITY OF CALICUT